## संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका)

1. भारतीय संविधान के किस भाग को उसकी आत्मा की संज्ञा प्रदान की गई है ?
(अ) प्रस्तावना
(ब) मौलिक अधिकार
(स) राज्य के नीति निर्देशक तत्व
(द) संविधान के सभी अनुच्छेद
उत्तर : (अ)
2. संविधान निर्माताओं ने किस पर विशेष ध्यान दिया था ?
(अ) प्रस्तावना पर
(ब) मूल कर्तव्य पर
(स) मौलिक अधिकार पर
(द) नीति निर्देशक तत्व पर
उत्तर : (अ)
3. भारत में जनप्रिय सम्प्रभुता होती है, क्योंकि भारत के संविधान की प्रस्तावना शुरू होती है, इन शब्दों से–
(अ) लोकतंत्रवादी भारत (ब) हिन्दू–मुस्लिम राष्ट्र है
(स) धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)
4. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में अंकित किन शब्दों से प्रतीत होता है कि भारत में जनप्रिय सम्प्रभुता है ?
(अ) लोकतंत्रवादी भारत (ब) लोक गणराज्य
(स) लोक प्रभुसत्ता (द) हम, भारत के लोग
उत्तर : (द)
5. भारत को गणतंत्र कहा जाता है क्योंकि–
(अ) इसकी विधानमंडलों की अधिकतम संख्या जनता द्वारा प्रत्यक्ष चुनी जाती है
(ब) यह राज्यों का एक संघ है
(स) भारतीय नागरिक मूलभूत अधिकारों का उपयोग करती है
(द) यहाँ राज्य का प्रमुख निर्धारित अवधि के लिए निर्वाचित होता है
उत्तर : (द)
6. धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है–
(अ) राज्य सरकार सभी धर्म के खिलाफ है
(ब) राज्य सरकार द्वारा एक धर्म को स्वीकार करना
(स) राज्य सरकार द्वारा किसी धर्म को स्वीकार नहीं करना
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) RRB 2006
7. भारत एक–
(अ) हिन्दू राष्ट्र है (ब) हिन्दू–मुस्लिम राष्ट्र है
(स) धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)
8. भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है, जिसका अर्थ है–
(अ) धर्मविरोधी नागरिकों का समर्थन करता है
(ब) बहुसंख्यक समुदाय के धर्म का समर्थन करता है
(स) अल्पसंख्यक समुदाय के धर्म का समर्थन करता है
(द) किसी निश्चित धर्म का समर्थन नहीं करता है
उत्तर : (द) RRB 2006
9. गणतंत्र राज्य का अर्थ है–
(अ) केवल एक लोकतांत्रिक राज्य
(ब) अध्यक्षीय पद्धति शासन वाला राज्य
(स) संसदीय पद्धति शासन वाला राज्य
(द) राज्य जहाँ पर अध्यक्ष वंशानुगत रूप से न हो
उत्तर : (द) RRB 2006
10. निम्नलिखित में से दो शब्द कौन से है, जिनका समावेशन 42वें संशोधन द्वारा संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना) में किया गया था ?
(अ) धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक
(ब) प्रभुत्वसम्पन्न, लोकतांत्रिक
(स) समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष
(द) धर्मनिरपेक्ष, गणतंत्र
उत्तर : (स) SSC 2002
11. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को किस रूप में घोषित किया गया है ?
(अ) एक सार्वभौम, प्रजातांत्रिक गणतंत्र
(ब) एक समाजवादी, प्रजातांत्रिक गणतंत्र
(स) एक प्रभुत्वसम्पन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, प्रजातांत्रिक गणराज्य
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) BPSC 1998
12. भारत एक गणतंत्र है, इसका अर्थ है–
(अ) सभी मामलों में अंतिम अधिकार जनता के पास है
(ब) भारत में संसदीय शासन व्यवस्था नहीं
(स) भारत में वंशानुगत शासक नहीं है
(द) भारत राज्यों का एक संघ है
उत्तर : (स) UPPCS 1997
13. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द भारत के संविधान की उद्देशिका में नहीं है ?
(अ) समाजवादी (ब) पंथनिरपेक्ष
(स) प्रभुत्वसम्पन्न (द) लोक कल्याण
उत्तर : (द) MPPSC 2004

www.rajstudents.com

14. कल्याणकारी राज्य का उद्देश्य है–
(अ) अधिकतम संख्या का अधिकतम कल्याण सुनिश्चित करना
(ब) कमजोर वर्गों के कल्याण का प्रबंध करना
(स) सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) UPPCS 2004

15. भारत को एक गणराज्य मुख्य रूप से माना जाता है, क्योंकि–
(अ) राज्याध्यक्ष का चुनाव होता है
(ब) उसे 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता मिली थी
(स) उसका अपना लिखित संविधान है
(द) उसकी सरकार संसदीय प्रणाली के अनुसार है
उत्तर : (अ) SSC 1999

16. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सिलसिले में निम्नलिखित में से कौनसा क्रम सही है ?
(अ) गणतंत्र, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, सार्वभौम, सत्तासम्पन्न
(ब) सार्वभौम, सत्तासम्पन्न, समाजवादी, जनवादी, धर्मनिरेक्ष, गणतंत्र
(स) सार्वभौम, सत्तासम्पन्न, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, गणतंत्र
(द) सार्वभौम, सत्तासम्पन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, जनवादी, गणतंत्र
उत्तर : (द) BPSC 1995

17. संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त शब्द 'सेक्युलर' का अर्थ है–
(अ) सभी नागरिकों को धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता
(ब) एकेश्वरवाद
(स) बहुदेववाद
(द) सभी धर्मों की अस्वीकृति
उत्तर : (अ)

18. 'समाजवाद' का अर्थ है–
(अ) सामाजिक नियंत्रण (ब) राष्ट्रीयकरण
(स) सामाजिक न्याय (द) सामाजिक स्पर्द्धा
उत्तर : (स)

19. भारत में लौकिक सार्वभौमिकता है, क्योंकि संविधान की प्रस्तावना प्रारम्भ होती है–
(अ) 'हम, भारत के लोग' शब्दों से
(ब) 'जनता के जनतंत्र' शब्दों से
(स) 'जनता के लोकतंत्र' से शब्दों से
(द) 'प्रजातंत्रीय भारत' शब्दों से
उत्तर : (अ) BPSC 1999

20. मूल भारतीय संविधान के अनुसार भारत एक है–
(अ) प्रभुत्वसम्पन्न, लोकतंत्रात्मक गणराज्य
(ब) प्रभुत्वसम्पन्न, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी गणराज्य
(स) प्रभुत्वसम्पन्न, धर्मनिरपेक्ष गणराज्य
(द) प्रभुत्वसम्पन्न, समाजवादी गणराज्य
उत्तर : (अ)

21. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में लिखित 'हम, भारत के लोग' से तात्पर्य है–
(अ) भारतीय गणराज्य की प्रभुसत्ता जनता में निहित है
(ब) संविधान का निर्माण भारत की जनता द्वारा हुआ है
(स) संविधान निर्माता भारत की जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं
(द) भारत का संविधान भारत की जनता की सहमति पर आधारित है
उत्तर : (ब)

22. भारतीय संविधान में समवर्ती सूची किसके संविधान से ली गई है ?
(अ) यू.एस.ए. (ब) कनाडा
(स) जर्मनी (द) आस्ट्रेलिया
उत्तर : (द) SSC 2011

23. भारतीय संविधान की आत्मा किसे कहा जाता है ?
(अ) प्रस्तावना (ब) मूलाधिकार
(स) नीति निर्देशक तत्व (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (अ)

24. भारतीय संविधान की प्रस्तावना पर किस क्रान्ति का प्रभाव नहीं झलकता है ?
(अ) फ्रांसीसी क्रान्ति (1789)
(ब) अमेरिकी क्रान्ति (1776)
(स) बोल्शेविक क्रान्ति (1917)
(द) चीन की क्रान्ति (1912)
उत्तर : (द)

25. संविधान के अंतर्गत भारतीय लोकतंत्र के आदर्शों को हम कहाँ देख सकते हैं ?
(अ) भाग I (ब) प्रस्तावना
(स) भाग III (द) भाग IV
उत्तर : (ब) SSC 2013

26. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा प्रस्तावना में किस शब्द को नहीं जोड़ा गया ?
(अ) धर्मनिरपेक्ष (ब) समाजवादी
(स) गुटनिरपेक्ष (द) एकता और अखण्डता
उत्तर : (स)

27. भारत की सम्प्रभुता किसमें निहित है ?
(अ) भारतीय संसद में (ब) राष्ट्रपति
(स) प्रधानमंत्री में (द) भारत की जनता में
उत्तर : (द)

www.rajstudents.com

28. भारतीय संविधान ने किस प्रकार के लोकतंत्र को अपनाया है ?
(अ) संवैधानिक राजतंत्र (ब) वंशानुगत लोकतंत्र
(स) लोकतांत्रिक राजतंत्र(द) लोकतांत्रिक गणतंत्र
उत्तर : (द)

29. भारत की संप्रभुता, एकता तथा अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा उसकी रक्षा करने का प्रावधान किया गया है–
(अ) प्रस्तावना में
(ब) मूल अधिकार में
(स) नीति निर्देशक सिद्धांत में
(द) मूल कर्तव्य में
उत्तर : (अ)

30. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में वर्णित लोकतंत्र को किस रूप में स्वीकारा गया है ?
(अ) राजनीतिक राजतंत्र (ब) आर्थिक लोकतंत्र
(स) सामाजिक राजतंत्र (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

31. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुसार भारत के शासन की सर्वोच्च सत्ता किसमें निहित है ?
(अ) जनता (ब) मतदाता
(स) राष्ट्रपति (द) संसद
उत्तर : (अ)

32. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जिन आदर्शों एवं उद्देश्यों की रूपरेखा दी गई है, उनकी आगे व्याख्या की गई है–
(अ) मूल अधिकारों के अध्याय में
(ब) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों एवं मूल कर्तव्यों में
(स) मूल अधिकार, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों एवं मूल कर्तव्यों में
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) UPPSC 2004

33. संविधान सभा में प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव में अभिव्यक्ति विचार को भारतीय संविधान के किस भाग में पूर्णतः शामिल किया गया है ?
(अ) प्रस्तावना
(ब) मौलिक अधिकार
(स) राज्य के नीति निर्देशक तत्व
(द) मूल कर्तव्य
उत्तर : (अ)

34. निम्नलिखित में से किस तिथि को भारतीय संविधान लागू किया गया था ?
(अ) 26 जनवरी, 1950 (ब) 26 नवम्बर, 1949
(स) 26 जनवरी, 1949 (द) 31 दिसम्बर, 1949
उत्तर : (अ) UPPCS 2010

35. निम्नलिखित में से किन उद्देश्यों को भारतीय संविधान उद्घोषित नहीं करता है ?
(अ) सामाजिक, आर्थिक और राजनीति न्याय
(ब) विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता
(स) प्रतिष्ठा और अवसर की समता
(द) अंतर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा की अभिवृद्धि
उत्तर : (द)

36. भारतीय संविधान किसके द्वारा स्वीकृत है ?
(अ) संविधान सभा द्वारा
(ब) भारत की संसद द्वारा
(स) प्रथम निर्वचित सरकार द्वारा
(द) भारत की जनता द्वारा
उत्तर : (द)

37. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में देश का कौन सा नाम उल्लिखित है ?
(अ) भारत और भारतवर्ष
(ब) भारत और हिन्दुस्तान
(स) भारत और इण्डिया
(द) हिन्दुतान और भारतवर्ष
उत्तर : (स)

38. भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत कब अंगीकृत किया गया ?
(अ) 26 नवम्बर, 1949 (ब) 15 अगस्त, 1949
(स) 2 अक्टूबर, 1949 (द) 15 नवम्बर, 1949
उत्तर : (अ) BPSC 1996

39. भारत का संविधान पूर्ण रूप से कब तैयार हुआ ?
(अ) 26 जनवरी, 1950 (ब) 26 नवम्बर, 1949
(स) 15 अगस्त, 1947 (द) 15 नवम्बर, 1949
उत्तर : (ब) UPPCS 2010

40. भारतीय संविधान कब अंगीकार किया गया था ?
(अ) 26 जनवरी, 1950 (ब) 26 नवम्बर, 1949
(स) 26 जनवरी, 1949 (द) 31 दिसम्बर, 1949
उत्तर : (ब) RRB 2004

41. किस वर्ष भारत एक प्रभुत्व सम्पन्न प्रजातांत्रिक गणराज्य बना ?
(अ) 1947 में (ब) 1951 में
(स) 1935 में (द) 1950 में
उत्तर : (द) UPPCS 2010

42. भारतीय संविधान की उद्देशिका में परिवर्तन किस संशोधन अधिनियम में किये गये थे ?
(अ) 38वां संशोधन अधिनियम, 1975
(ब) 40वां संशोधन अधिनियम, 1976
(स) 42वां संशोधन अधिनियम, 1976
(द) 44वां संशोधन अधिनियम, 1978
उत्तर : (स) SSC 2008

43. संविधान की उद्देशिका/प्रस्तावना में कितनी बार संशोधन किया जा चुका है ?
(अ) तीन बार (ब) दो बार
(स) एक बार (द) कभी नहीं
उत्तर : (स) SSC 2001

44. भारत के संविधान की प्रस्तावना में प्रथम संशोधन कब किया गया था ?
(अ) 1947 में (ब) 1951 में
(स) 1976 में (द) 1984 में
उत्तर : (स)

45. संविधान की प्रस्तावना सभी भारतीय नागरिकों को निम्न में से कौनसा एक उपलब्ध कराने के लिए वायदा नहीं करती है ?
(अ) सामाजिक न्याय (ब) राजनीतिक न्याय
(स) विचार की स्वतंत्रता (द) पूजा की स्वतंत्रता
उत्तर : (द) UPPCS 2006

46. प्रस्तावना का वह प्रावधान, जो सभी वयस्क नागरिकों को मतदान का अधिकार प्रदान करता है, कहलाता है–
(अ) पंथनिपेक्षता (ब) प्रजातंत्र
(स) समाजवाद (द) गणतंत्र
उत्तर : (ब) RRB 2009

47. भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा प्रस्तावना में दो शब्द 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' जोड़े गए थे ?
(अ) 41वें संशोधन अधिनियम
(ब) 42वें संशोधन अधिनियम
(स) 43वें संशोधन अधिनियम
(द) 44वें संशोधन अधिनियम
उत्तर : (ब) SSC 2009

48. 42वें संविधान संशोधन द्वारा प्रस्तावना में निम्नलिखित में से कौनसा शब्द जोड़ा गया ?
(अ) लोकतांत्रिक (ब) न्याय
(स) समाजवाद (द) राजनीतिक
उत्तर : (स) TET 2009

49. भारतीय संविधान लागू हुआ था–
(अ) 26 जनवरी, 1950 (ब) 26 नवम्बर, 1949
(स) 26 जनवरी, 1949 (द) 31 दिसम्बर, 1949
उत्तर : (अ) SSC 2009

50. भारतीय संविधान के किस भाग में स्पष्ट रूप से घोषणा की गई है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है ?
(अ) मौलिक अधिकार
(ब) संविधान की प्रस्तावना
(स) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
(द) संविधान की नवीं अनुसूची
उत्तर : (ब) Delhi Police SI 2009

51. संविधान की प्रस्तावना में भारत को कहा गया है–
(अ) सर्वसत्ताधारी, लोकतांत्रिक, समाजवादी, धर्मनिपेक्ष गणराज्य
(ब) समाजवादी, लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष गणराज्य
(स) लोकतांत्रिक, सर्वसत्ताधारी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी गणराज्य
(द) प्रभुसत्तासम्पन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य
उत्तर : (द) SSC 2008

52. भारतीय संविधान का प्राधिकार स्त्रोत है–
(अ) राष्ट्रपति (ब) भारत के लोग
(स) सर्वोच्च न्यायालय (द) सरकार
उत्तर : (ब)

53. 26 नवम्बर, 1949 का अंगीकृत भारतीय संविधान की प्रस्तावना में शब्द सम्मिलित नहीं है–
1. समाजवादी
2. पंथ निरपेक्ष
3. अखंडता
4. गणराज्य
कूट :
(अ) 1,2,3 (ब) 2,3,4
(स) 1,2,4 (द) 3,4
उत्तर : (अ)

54. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में लिखित 'हम, भारत के लोग' से क्या अर्थ निकलता है ?
(अ) भारतीय गणराज्य की प्रभुसत्ता जनता में निहित है
(ब) संविधान का निर्माण भारत की जनता द्वारा हुआ है
(स) संविधान निर्माता भारत की जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं
(द) भारत का संविधान भारत की जनता की सहमति पर आधारित है
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com